# जितना सोचेंगे...उतना परिस्थिति हमारे ऊपर हावी होगी...



ब्र.कु. शिवानी बहन, जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा

हमारी आत्मा भी एक बैटरी की तरह है। खुशी तब महसूस होती है, जब ये बैटरी अच्छी तरह से चार्ज्ड होती है। शान्ति, सुख और प्यार भी महसूस होते हैं। जब ये बैटरी चार्ज्ड होगी, तो हम देने वाले बन जाएंगे। डिस्चार्ज्ड होगी तो लेने वाले बनेंगे। हर परिस्थिति में ध्यान में रखना है कि मन की शक्ति कम न हो।

आज आप देखो कि हर किसी को खुशी चाहिए। इतना कुछ कमा लिया, सबकुछ आ गया, परिवार इतना अच्छा है, शरीर स्वस्थ है। फिर भी हाथ उठा रहे हैं कि खुशी चाहिए। हम खुशी को निरंतर अनुभव क्यों नहीं कर पा रहे हैं? क्योंकि सारा दिन जो बातें आती हैं, जो मेरे अनुसार नहीं हैं, उनमें मेरा सोचने का तरीका आत्मा की बैटरी को कम करता है। अगर आपके पास सबकुछ हो, लेकिन आत्मा की शक्ति कम है तो आपको खुशी अनुभव नहीं हो सकती। क्योंकि खुशी बाहर की चीज़ों से नहीं आती है।

मैं कहीं जा रही थी तो हमारे सामने वाली सीट पर एक भाई बैठे थे, जो लगातार अपने फोन को स्क्रॉल कर रहे थे। तो हमने पूछा आप क्या कर रहे हैं? उन्होंने जवाब दिया कि हमारे ऑफिस में आग लग गई है और सारा सामान जल गया है। मैंने उनका चेहरा देखा और पूछा कि आप ठीक हैं? तो उन्होंने कहा हां, ऑफिस जला है, लेकिन सबकुछ ठीक है। कितनी अच्छी बात है ना। उनका ऑफिस पूरा जल गया था, लेकिन मन पर जलन का असर नहीं था। तो मन की स्थिति ने क्या किया कि परिस्थिति के ऊपर मन की स्थिति हावी हुई। और अगर ध्यान नहीं रखा तो मन की स्थिति पर परिस्थिति हावी होती है। जब मन की स्थिति परिस्थिति पर हावी होती है तो हम जीत जाते हैं। कहा भी जाता है- मन जीते जग जीते। हम उल्टा चलते हैं। हम कहते हैं सबकुछ जब मेरे अनुसार होगा तो हम खुश होंगे। मतलब पहले जग पर जीत पाएंगे फिर मन पर जीत पाएंगे।

अपना एक हाथ आगे करो और देखो कि हाथ में दर्द हो रहा है। यह एक परिस्थिति है। सुबह आप उठे ये बिल्कुल सुन्न, हाथ में बहुत दर्द हो रहा है। इसको अनुभव करो। ये परस्थिति है। जब ये हाथ पूरा दर्द हो रहा है तो क्या मन भी दर्द होगा? आप अनुभव करके देखो तो पता चलेगा। हाथ दर्द होगा तो क्या मन में भी दर्द होगा? नहीं। मन में कब दर्द होगा, जब हम ये सोचने लगेंगे कि हमारे हाथ में यहां दर्द हो रहा है। जब तक आप सोचेंगे नहीं तब तक मन में दर्द नहीं हो सकता। लेकिन जब आपने सोचना शुरू किया कि क्यों दर्द हो रहा है, क्या हुआ, मुझे कैसे हो गया, अब आगे क्या होगा, तब सर में दर्द शुरू हो जाएगा। जब हाथ में दर्द हो रहा था तब मन में दर्द नहीं होगा। जब सोचने लगेंगे तब होगा। फिर चिंता होने लगेगी, घबराएंगे, डरेंगे तो जो हाथ का दर्द है वो और बढ़ जाएगा।

ये परिस्थिति है और यह मन की स्थिति है। परिस्थिति ठीक नहीं है। मन की स्थिति पर परिस्थिति का असर नहीं पड़ता। मन की स्थिति पर कब असर पड़ता है? जब हम परिस्थिति के बारे में सोचना शुरू करते हैं। लेकिन जब मन की स्थिति पर असर पड़ता है तो मन की स्थिति का असर परिस्थिति पर पड़ना शुरू हो जाता है। तो कौन शक्तिशाली हुआ- परिस्थिति या मन की स्थिति?



**मजलिस पार्क-दरियापुर(दिल्ली)।** शिवरात्रि के अवसर पर शिव ध्वजारोहण के पश्चात् नवनिर्वाचित कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. राजकुमारी दीदी,मजलिस पार्क, ब्र.कु. शारदा,स्वरूप नगर तथा अन्य।



**पूर्णिया-बिहार।** शिवरात्रि के अवसर पर शिव ध्वजारोहण के पश्चात् समूह चित्र में विधायक विजय खेमका, मेयर विभा कुमारी, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विवेकानंद सिंह, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. मुकुट मणि, ब्र.कु. प्रेम,माउंट आबू, समाजसेवी एवं उद्योगपति विशिष्ट शर्मा।



**सासनी-हाथरस(उ.प्र.)।** मधुमेह दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए क्षेत्रीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेन्द्र कुमार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी चतुर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दलवीर सिंह,सासनी, सीएचओ ज्योति जी, ब्र.कु. शांता दीदी, ब्र.कु. राज, ब्र.कु. दुर्गेश, ब्र.कु. उमा तथा अन्य।



**मैनपुरी-उ.प्र.।** नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्षा श्रीमती ममता राजपूत को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. अवन्ती।


FOR ONLINE TRANSFER

Pay Directly to: osmorerf@indianbk

BANK NAME:- INDIAN BANK
BRANCH:- Shantivan,Talhati
ACCOUNT :- OM SHANTI MEDIA OF RERF
ACCOUNT NO:- 7552337300,
IFSC - CODE:- IDIB000S319

Note:- AfterTransfer send detail on
E-Mail - omshantimedia.acct@bkivv.org
E-Mail - omshantimedia@bkivv.org




**मकनपुर-गाजियाबाद(उ.प्र.)।** 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिव ध्वजारोहण के पश्चात् निगम पार्षद राधे श्याम त्यागी को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. सुधा बहन। साथ हैं ब्र.कु. नीलम एवं ब्र.कु. ममता।



**पांडव भवन-करोल बाग(दिल्ली)।** राजयोगिनी गुल्जार दादी के स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात् समूह चित्र में राजयोगिनी ब्र.कु. पुष्पा दीदी,निदेशिका,पांडव भवन,करोल बाग,दिल्ली, ब्र.कु. विजय बहन, रोहित जी,इंश्योरेंस सेक्टर कंसल्टेंट व ऑनर,रोहित कुमार एंड कंपनी, डॉ. आलोक,जनरल सर्जन एवं किम्मी कलाकारा बहन,सिविल जज,गुड़गांव।


## ओमशान्ति मीडिया सदस्यता हेतु सम्पर्क करें

### कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया

संपादक - ब्र.कु. गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़,शान्तिवन,तलहटी,
पोस्ट बॉक्स न-5,आबू रोड, राज. 307510
संपर्क- M- 9414006096, 9414154344, 9414182088
Email-omshantimedia@bkivv.org
सदस्यता शुल्क : भारत - वार्षिक - ₹-240, तीन वर्ष - ₹- 720, आजीवन - ₹- 6000
Website: www.omshantimedia.org




**जमशेदपुर-झारखंड।** 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में सभा को सम्बोधित करते हुए राजयोगी ब्र.कु. भगवान,माउंट आबू। मंचासीन हैं हवलदार सिताराम,घाघीडीह केन्द्र कारा करनडीह, ब्र.कु. रागिनी,जुगसलिया।



**कूचबिहार-पश्चिम बंगाल।** होली पर्व के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सम्पा बहन, चन्द्रानी जी,समाज सेविका व हाई स्कूल अध्यापिका, सुब्रत जी,आरएसएस प्रमुख, एडवोकेट नबनीता जी, सुब्रत जी,आईबी इंस्पेक्टर, राज गुप्ता,श्रीराम फाइनेंस मैनेजर, तपन जी,उद्योगपति तथा अन्य।